(ख) उन व्यक्तियों के नाम क्या हैं जो यात्रा के दौरान अपने नि:शुल्क पासों पर अपने साथ एक से अधिक व्यक्तियों को ले जाने के पात्र है और इन व्यक्तियों को ऐसे रेलवे पास जारी किये जाने संबंधी मानदण्ड क्या हैं?

रेल मंत्री (श्री सी० के जाफर शरीफ) : (क) 31.3.94 तक वैध स्वतंत्रता सेनानियों, भूतपूर्व संसद सदस्यों और सामाजिक कार्य में लगे व्यक्तियों/संगठनों आदि को जारी पहले दर्जे के मानार्थ कार्ड पासों की संख्या, जिन पर वातानुकूल 2-टियर में भी यात्रा की सकती है, क्रमशः 44828, 1392 और 233 है।

(ख) जिन व्यक्तियों को 31.3.94 को वैध जारी किए गए मानार्थ कार्ड पासों पर अपने साथ एक से अधिक व्यक्तियों को ले जाने की सुविधा दी गई है, उनका ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है (नीचे देखिए) ऐसी सुविधा प्रत्येक मामले के गुण-दोष/औअचित्य के आधार पर दी जाती है।

विवरण

क्रम सं०	उन व्यक्तियों के नाम जिन्हें जारी किए गए मानार्थ कार्य पासों पर अपने साथ एक से अधिक व्यक्तियों को ले जाने की सुविधा दी गई है— 31.3.94 को वैध
1.	श्री एस० एम० गावस्कर
2.	श्री यात्री
3.	श्री काला बाबा

रेलवे पासों का दुरुपयोग

6835. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि स्वतंत्रता सेनानियों भूतपूर्व संसद सदस्यों और वर्तमान संसद सदस्यों को जारी किये गए रेलवे पासों का दुरुपयोग किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो गत दो वर्षों के दौरान पता चले ऐसे मामलों का ब्यौरा क्या है; और उन पर क्या कार्यवाही की गई है; और

(ग) उक्त पासों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किये गए है और इस संबंध में कितनी सफलता मिली है?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) और (ख) जी हां। पिछले 2 वर्षों के दौरान रेलवे पासों का दुरूपयोग किए जाने के 18 मामले पकड़े गए थे।

(ग) इनके दुरूपयोग की रोकथाम करने के लिए नियमित जांच की जा रही हैं।

चण्डीगढ़, कैथल और अम्बाला के बीच रेलगाड़ियां चलाया जाना

6836. **श्री रामजी लाल:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार ने हिसार से चंडीगढ़ तक वाया उकलाना, नरवाना, कैथल और अम्बाला, कितनी यात्री गाड़ियां, सुपर फास्ट गाड़ियां और एक्सप्रेस गाड़ियां चलाई हैं;

(ख) क्या सरकार इन शहरों को शताब्दी/हरियाणा एक्सप्रैस से जोड़ने की किसी योजना पर विचार कर रही है; यदि नहीं, तो सरकार ने हरियाणा, पंजाब एवं चंड़ीगढ़, क्षेत्र के लिए यात्रा-समय को कम करने हेतु नये कैलेण्डर वर्ष में कितनी नई रेल गाड़ियां शुरू की हैं;

(ग) क्या सरकार ने भटिण्डा-हिसार-भिवानी-पानीपत-शाहाबाद-मारकंडा-चंडीगढ़, के नये रेल मार्ग पर गाड़ियां चलाने का निर्णय ले लिया है; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफर शरीफ): (क) कुछ नहीं।

(ख) फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। बहरहाल, नई दिल्ली और कालका के बीच एक रिवर्स शताब्दी एक्सप्रेस, नई दिल्ली और अमृतसर के बीच एक शताब्दी एक्सप्रेस और नई दिल्ली और जम्मू तवी के बीच एक साप्ताहिक राजधानी एक्सप्रेस शुरू करने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त, मालवा एक्सप्रेस को जम्मू तवी तक और उत्कल कलिंग एक्सप्रेस को अमृतसर तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। ये गाड़ियां हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ क्षेत्रों के लिए तेज रफ्तार की सेवाएं प्रदान करेंगी।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।